**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित

## अनुसूचित जाति एवं ओबीसी विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा मिलेगी

वर्धा, 15 सितंबर 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में 'डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की गई है। यह केंद्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, नई दिल्ली के संयुक्त सहयोग से संचालित होगा। इस संबंध में सोमवार, 14 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सपकाले भी उपस्थित थे।



यह समझौता तीन वर्षों के लिए मान्य होगा। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के साथ-साथ पीएम केयर्स योजना के लाभार्थी विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्र में कुल 100 सीटें होंगी, जिनमें 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति तथा 30 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी। साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। यह केंद्र 'डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र' के नाम से जाना जाएगा।

विश्वविद्यालय में इस केंद्र की स्थापना से अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर और सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतिमाह चार हजार रुपये का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा, जबकि प्रत्येक विद्यार्थी पर लगभग 75 हजार रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है।

## महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र

## अनुसूचित जाती, ओबीसी विद्यार्थ्यांना प्रशासकीय सेवा परीक्षांसाठी विनामूल्य कोचिंग सुविधा होणार उपलब्ध

वर्धा, 15 सितंबर 2026 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा येथे 'डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र' स्थापन करण्यात आले आहे. सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, दिल्ली यांच्या संयुक्त विद्यमाने हे केंद्र कार्यरत होणार आहे. या संदर्भात सोमवार,14 सप्टेंबर रोजी नवी दिल्ली येथे एका सामंजस्य करारावर स्वाक्षरी करण्यात आली. विश्वविद्यालयाच्या वतीने कुलसचिव कादर नवाज खान यांनी करारावर सही केली. याप्रसंगी विश्वविद्यालयातील डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्राचे नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सपकाळे उपस्थित होते. हा करार तीन वर्षांसाठी मान्य असून करारान्वये

विश्वविद्यालयात अनुसूचित जाती आणि इतर मागासवर्गीय (ओबीसी) तसेच पीएम केयर्स मधील लाभार्थी विद्यार्थ्यांना प्रशासकीय सेवेशी संबंधित परीक्षांकरिता विनामूल्य कोचिंग सुविधा उपलब्ध करुन देण्यात येणार आहे. केंद्रात एकूण 100 जागा असतील. अनुसूचित जातीतील विद्यार्थ्यांकरिता 70 टक्के तर इतर मागासवर्गीय विद्यार्थ्यांकरिता 30 टक्के जागा आरक्षित असतील.

व यात 33 टक्के जागा अनुसूचित जातीमधील मुलींकरिता असतील. हे केंद्र डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र या नावाने ओळखले जाईल.

विश्वविद्यालयात हे केंद्र सुरू झाल्याने अनुसूचित जाती व इतर मागासवर्गीय विद्यार्थ्यांना स्पर्धा परीक्षेची तयारी करण्यासाठी सुविधा उपलब्ध होतील. या योजनेत विद्यार्थ्यांना दरमहा चार हजार रुपये स्टायपेंड दिले जाणार आहे तर प्रत्येक विद्यार्थ्यामागे 75 हजार एवढा खर्च अपेक्षित आहे.

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**